DR. BHIMRAO AMBEDKAR LAW UNIVERSITY, JAIPUR
डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर
(A State Funded University of Rajasthan)
(राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय)
("RUSA BHAWAN", Shiksha Sankul, JLN Marg, Jaipur – 302015)
(रूसा ब्लॉक– भूतल, डॉ. आर. के. शिक्षा संकुल, जयपुर–302015)
Phone No- 0141-2940506, 0141-4082630
www.alujaipur.ac.in Email- coe@alujaipur.ac.in

क्रमांक : एफ. 4(3) परीक्षा / अविवि / 2023–24 / 768 दिनांकः 14.06.2024

:: परीक्षा संबंधित महत्वपूर्ण सूचना ::

विश्वविद्यालय द्वारा अकादमिक सत्र 2023–24 के विधि संकाय की विभिन्न परीक्षाओं हेतु पात्र / इच्छुक छात्र / छात्राओं से परीक्षा फार्म भरे जाने के लिए अधिसूचना समय–समय पर जारी की गयी थी। जिसके अनुसरण में छात्र / छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर स्वयं ही ऑन–लाईन परीक्षा फार्म भरे गये व उनकी हार्ड कॉपी मय वांछित दस्तावेजों के संबंधित महाविद्यालयों में प्रस्तुत किये गये। उक्त समस्त भरे हुए फार्म का ऑनलाईन व्यू अभ्यर्थियों के अवलोकन व वांछित संशोधन (यदि कोई हो तो) के उद्धेश्य से विश्वविद्यालय परीक्षा वेबसाईट https://www.aluexam.in/sp/ पर दिनांक 15 / 06 / 2024 से 20 / 06 / 2024 तक उपलब्ध कराये गये हैं। समस्त अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे उक्त वेबसाईट पर जाकर अपने परीक्षा फार्म की सभी प्रविष्टियों की भली प्रकार जांच कर लेवें। यदि किसी प्रविष्टि में कोई सूचना अपडेट / संशोधित की जानी है तो उक्त फार्म का प्रिन्टआउट लेकर वांछित संशोधन वाले कॉलम को लाल रंग के पेन से गोला बनाकर चिन्हित करते हुए सही सूचना अंकित करें। संशोधित की गयी सूचना के प्रमाण स्वरूप वांछित दस्तावेज संलग्न कर अपने महाविद्यालय में दिनांक 20 / 06 / 2024 (कार्यालय समय) तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। तदनुसार महाविद्यालय द्वारा उक्त फार्म का वांछित संशोधन ऑनलॉइन आवश्यक कार्यवाही हेतु विश्वविद्यालय को प्रेषित किया जा सकेगा। दिनांक 20 / 06 / 2024 के पश्चात् इस संबंध में किसी प्रकार की कार्यवाही महाविद्यालय व विश्वविद्यालय स्तर पर सम्भव नहीं हो सकेगी।

कृपया ध्यान रहे, समस्त अभ्यर्थियों को आनलाईन भरे गये परीक्षा फार्मो की जांच / संशोधन हेतु समान अवसर प्रदान किया जा रहा है, अतः इसे ध्यानपूर्वक अवलोकन कर तदानुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। नियत तिथि बाद विश्वविद्यालय द्वारा छात्र / छात्राओं द्वारा फार्मो में भरे गये विवरण को सिस्टम में अपडेट कर दिया जायेगा तथा तदनुसार योग्य अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र जारी किये जावेंगें।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : एफ. 4(3) परीक्षा / अविवि / 2023–24 / 769 दिनांकः 14.6.2024

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :

समस्त सम्बद्ध विधि महाविद्यालय, डॉ. भीमराम अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय, जयपुर को सूचनार्थ। कृपया अपने महाविद्यालय के समस्त अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा जारी उपरोक्त सूचना के बाबत आवश्यक रूप से सूचित कराया जाना सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक